an>

Title: Need to include Mentha crop in the list of crops getting Minimum Support Price.

श्रीमती प्रियंका सिंह रावत (बाराबंकी) : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे किसानों के हित में बोलने का मौका दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। …(व्यवधान) मेरा संसदीय क्षेत्र जनपद बाराबंकी पूरे देश में मेंथा की फसल का अग्रणी उत्पादक जिला है। यहां लगभग 80 हजार हैक्टेयर भूमि पर मेंथा की खेती की जाती है। …(व्यवधान) मेंथा की खेती से लगभग 1 करोड़ 15 लाख लीटर मेंथा ऑयल प्रति वर्ष उत्पादित किया जाता है। …(व्यवधान) यह एक नकदी फसल है और कम समय में तैयार हो जाती है। नकदी फसल होने के कारण यह बाराबंकी क्षेत्र के लोगों की आय का प्रमुख कारण रहा है। …(व्यवधान) मेंथा के तेल को अनेकों प्रकार की दवाइयों, रसायनों एवं सौन्दर्य प्रसाधनों के प्रयोग में लाया जाता है। इस प्रकार मेंथा एक बहुउद्देशीय फसल है। …(व्यवधान) मेंथा ऑयल को न्यूनतम समर्थन मूल्य की सूची में सम्मिलित न होने के कारण यहां के कृषकों को स्थानीय व्यापारियों के ऊपर निर्भर रहना पड़ता है जिसका लाभ पूंजीपति तो उठाते ही हैं, परन्तु कृषक भी उचित लाभ पाने से वंचित रह जाते हैं। …(व्यवधान)

अतः मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि मेंथा की फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य की सूची में शामिल कराने एवं इसकी उपयोगिता से संबंधित उद्योग को बाराबंकी जनपद में स्थापित किया जाये। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : डॉ. संजय जायसवाल श्रीमती प्रियंका सिंह रावत जी द्वारा उठाये गये विषय के साथ अपने को सम्बद्ध करते हैं।